# समाचार
## रोका–छेका अभियान
# निगम द्वारा 58 मवेशियों को सड़क से उठाकर पहुंचाया गया कांजीघर
## (3570 रू. अर्थदण्ड पटाकर 14 मवेशियों को घर ले गए पशुपालक, 44 मवेशी अभी भी है कांजीघर में)



कोरबा 02 जुलाई 2021 – नगर निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे रोका–छेका अभियान के तहत अभी तक सड़क, सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करते 58 मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से उठाकर सुरक्षित रूप से कांजीघर पहुंचाया गया। संबंधित पशुपालकों द्वारा 14 मवेशियों को अर्थदण्ड जमा कर कांजीघर से अपने घर ले जाया गया तथा उनके द्वारा 3570 रूपये का अर्थदण्ड निगम कोष में जमा कराया गया, वहीं 44 मवेशी अभी भी निगम के कांजीघर में रखे गए हैं।

राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा रोका–छेका अभियान का संचालन निगम क्षेत्र में किया जा रहा है। शहर की सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर खुले रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को प्रतिदिन अभियान चलाकर काऊकेचर के माध्यम से कांजीघर पहुंचाया जा रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि शहर की सड़कों, चौक–चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर खुले रूप से विचरण करने वाले इन मवेशियों से आवागमन में बाधा, आमनागरिकों को अनावश्यक परेशानी होने तथा

दुर्घटना आदि की संभावना बनी रहती है, इस समस्या को दूर करने के लिए रोका–छेका अभियान के तहत इन मवेशियों को कांजीघर या गोठान पहुंचाए जाने तथा वहां पर मवेशियों के चारा, पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा रोका–छेका अभियान पर निरंतर कार्यवाही विगत 01 सप्ताह से अधिक समय से की जा रही है, निगम द्वारा अभी तक सड़क, सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करते 58 मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से उठाकर सुरक्षित रूप से कांजीघर पहुंचाया गया। संबंधित पशुपालकों द्वारा 14 मवेशियों को अर्थदण्ड जमा कर कांजीघर से अपने घर ले जाया गया तथा उनके द्वारा 3570 रूपये का अर्थदण्ड निगम कोष में जमा कराया गया, वहीं 44 मवेशी अभी भी निगम के कांजीघर में रखे गए हैं, कांजीघर में मवेशियों हेतु चारे, पानी की समुचित व्यवस्था की गई है, साथ ही पशु चिकित्सक द्वारा समय–समय पर मवेशियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। रोका–छेका संकल्प अभियान के तहत अभी तक सौ से अधिक पशुपालकों से संकल्प पत्र भराएं जा चुके हैं।

**पशुपालक मवेशियों को सड़कों पर न छोड़े**– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम क्षेत्र में निवासरत समस्त पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पालतू मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़े, घर पर ही सुरक्षित रूप से रखें। उन्होने कहा कि मवेशियों के सड़कों पर स्वच्छंद विचरण से आमजन को आवागमन में असुविधा होती है, दुर्घटना की संभावना बनी रहती है तथा मवेशियों को भी चोट लगने, घायल होने का भय बना रहता है, अतः मवेशियों को घर पर ही सुरक्षित रखें। उन्होने कहा कि निगम द्वारा रोका–छेका अभियान के तहत सड़कों से मवेशियों को उठाकर कांजीघर पहुंचाया जा रहा है, निर्धारित अर्थदण्ड अदा करने के बाद ही कांजीघरों से मवेशियों को छोड़ा जाएगा, अतः अर्थदण्ड व असुविधा से बचने के लिए मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़े।

**लगातार जारी रहे रोका–छेका अभियान**– आयुक्त श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम क्षेत्र के सभी मुख्य मार्गो, संपर्क सड़कों, सार्वजनिक स्थानों आदि में सघन रूप से रोका–छेका अभियान चलाएं, खुले में घूमते हुए मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से गोठान व कांजीघर में सुरक्षित रूप से पहुंचाएं। गोठान के साथ–साथ कांजीघरों में भी मवेशियों के लिए चारा, पैरा व शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था अबाध रूप से रहे, यह सुनिश्चित करें, साथ ही मवेशियों का समय–समय में स्वास्थ्य परीक्षण भी कराएं।